**कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश**
**सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004**

क्रमांकः 1247/214/आउशि/शा–5'अ'/2021 भोपाल, दिनांक 26/10/2021

प्रति,

1. **कुलसचिव,**
   समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
2. **प्राचार्य,**
   समस्त महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

**विषय– ऑनलाईन ई–प्रवेश प्रकिया 2021–22 के विषय/संकाय परिवर्तन एवं सर्टिफिकेट/डिप्लोमा आदि के चयन के संबंध में निर्देश।**

संदर्भ–(1) मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का आदेश कमांक 544/94/सीसी/2021/अड़तीस, दिनांक 15.07.2021
(2) कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1169/214/आउशि/शा–5'अ'/2021, दिनांक 30.09.2021
(3) कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1213/214/आउशि/शा–5'अ'/2021, दिनांक 08.10.2021
(4) कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1235/214/आउशि/शा–5'अ'/2021, दिनांक 18.10.2021

––0––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित आदेश के द्वारा सत्र 2021–22 के लिये मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालयों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु प्रवेश नियम, मार्गदर्शी सिद्वांत, अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय–सारणी एवं कार्यालयीन पत्रों के द्वारा सी.एल.सी. अतिरिक्त चरण में प्रवेश प्रक्रिया हेतु निर्देश जारी किये गये हैः–

1 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेशित महाविद्यालय में विषय/संकाय परिवर्तन संबंधी कार्यवाही पूर्व निर्धारित नियमों के आधार पर सुनिश्चित की जाए। स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर 08.11.2021 से 20.11.2021 तक यह प्रक्रिया संचालित की जायेगी।

2. महाविद्यालय में संचालित सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स का चयन अध्ययनरत विद्यार्थी डिग्री कोर्स के साथ महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध सुविधा के आधार कर सकेंगे।

3. महाविद्यालय में संचालित सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स का चयन हेतु आवेदन का प्रारूप उच्च शिक्षा विभाग के नवीन निर्देश पर, एम. पी. ऑनलाईन के epravesh.mponline.gov.in के पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

4. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों को सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स की अनुमति प्रदान की गई है। सर्टिफिकेट कोर्स महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध सुविधा के आधार पर एवं डिप्लोमा कोर्स की संबंधित विश्वविद्यालय से संबंद्वता प्राप्त कर संबंधित महाविद्यालय पोर्टल पर दिनांक 27.10.2021 से 03.11.2021 तक जानकारी अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

5. मेजर, माईनर, वैकल्पिक विषय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम आदि में परिवर्तन करते हुए महाविद्यालय स्तर पर टी.सी. रिर्पोटिंग की कार्यवाही पूर्ण की जाना है।

6. स्थानीय आवश्यकताओं और रोजगार पात्रता को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से कोई भी न्यूनतम 02 व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चयन कर प्रवेशित विद्यार्थियों की अध्यापन व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही जो विद्यार्थी व्यावसायिक पाठ्यक्रम SWAYAM पोर्टल से ऑनलाईन पढ़ना चाहते है। वे संबंधित महाविद्यालय से लिखित में अनुमति प्राप्त कर ऑनलाईन अध्ययन कर सकेंगे।

7. वैकल्पिक विषयों के चयन में प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन विषयों के अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा स्वयं के संसाधनों से की जा सकती हो उन्ही विषयों के चयन का विकल्प महाविद्यालय द्वारा छात्रों को दिया जाए।

उपरोक्तानुसार समय–सीमा में कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

संलग्न–आवेदन का प्रारूप

**(अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

26/10/21

**(डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल)**
**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी**
**उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल**

पृ. क्रमांक 1218/214/आउशि/शा–5'अ'/2021 भोपाल, दिनांक 26/10/2021

प्रतिलिपि–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. स्टॉफ ऑफिसर, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल, मध्यप्रदेश ।
3. निज सहायक, अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
4. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश ।
5. प्राचार्य, समस्त अग्रणी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।
6. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आई.टी. सेल, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

..........की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी**
**उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल**

# महाविद्यालय में संचालित सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स का चयन हेतु आवेदन का प्रारूप : 2021-22

**महाविद्यालय का नाम :** ........................................................................ **कॉलेज कोड :** ....................

पंजीयन क्रमांक : ............................................................... पाठ्यक्रम का कोड : ...............................

पाठ्यक्रम का नाम : स्नातक ........................................... स्नातकोत्तर ..............................................

प्रवेशिक कक्षा का नाम :.........................................................................................................

आवेदक/आवेदिका का नाम : ..................................................................................................

पिता/पति का नाम : .............................................................................................................

डाक व्यवहार का पता : .........................................................................................................

मोबाईल नम्बर : .....................................................................................................................

चयनित डिप्लोमा/सर्टिफिकेट का नाम : ...............................................................................

**घोषणा :** मैं घोषित करता/करती हूँ कि मैंने सत्र 2021–2022 में ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया के अंतर्गत किसी भी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है। उपरोक्त जानकारी असत्य पायी जाने पर मेरा प्रवेश निरस्त किया जाता है तो जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

**हस्ताक्षर आवेदक/आवेदिका**

| महाविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा भरा जाये | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आपके द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त तथ्यों के आधार पर महाविद्यालय में संचालित सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स में निम्न विवरणानुसार पाठ्यक्रम एवं विषय–समूह/विषय हेतु सीट आवंटित की जाती है : | | | | |
| प्रवेशिक पाठ्यक्रम का नाम : (Name of the Course) | | आवंटित सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स का नाम | सर्टिफिकेट | |
| | | | डिप्लोमा | |
| शुल्क का विवरण | | | | |
| टीप : निर्धारित समय–सीम में प्राप्त आवेदनों के आवेदक की "वरीयता हेतु प्रभारी प्रतिशत" के आधार पर मेरिट क्रमांक का उल्लेख करें। | | | | |
| प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के दस्तावेजों का ऑनलाईन सत्यापन हो चुका है। आवेदक को गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश हेतु CLC Admissions की लिंक इंनीशिएट की जाती है। | | | | |
| हस्ताक्षर<br>प्रभारी, प्रवेश समिति | | | हस्ताक्षर एवं सील<br>प्राचार्य/प्रभारी–प्राचार्य | |